गृह मंत्रालय
भारत सरकार
शेयर करें सेल्फी वीरों के साथ
जिन्होंने दिया
नक्सल-मुक्त भारत
बनाने में योगदान
CBC 19101/12/0033/2627
आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
राष्ट्रीय एकता दिवस
जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



खबर कोना

पंजाब टेनिस संघ के सचिव अरोड़ा ने दिया इस्तीफा

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (ब्यूरो)।

पंजाब लान टेनिस संघ के महासचिव दिनेश अरोड़ा ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की स्वतंत्र जांच लंबित रहने के कारण गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। हालांकि उन्होंने खुद को निर्दोष करार दिया। यह फैसला राज्य संघ की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में लिया गया, जहां छह जिला संबद्ध संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग की और वरिष्ठ उपाध्यक्ष करणबीर सिंह ओसाहन को कार्यवाहक महासचिव के रूप में पदभार संभालने के लिए कहा। यह संस्था अपने खातों का स्वतंत्र आडिट भी कराएगी। अरोड़ा पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे थे।

सतीश बने हरियाणा लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने गुरुवार को हरियाणा लोक सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश कुमार सैनी को पद की शपथ दिलाई। एचसीएस सतीश कुमार सैनी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी रहे हैं। वह भाजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी रहे थे। इस पद पर वह जनवरी, 2020 से फरवरी 2022 तक रहे। हालही में उन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया था। सरकार ने उनके आवेदन को तत्काल प्रभाव से स्वीकार करते हुए सेवामुक्त कर दिया था। सतीश कुमार ने गुरुवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत पंजाब व हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

पंजाब में पुलिस भी नहीं सुरक्षित : चुघ

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर (ब्यूरो)।

पंजाब में चरमराती कानून व्यवस्था और पुलिस थानों में हो रहे हमले को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी से सांसद व केंद्रीय कार्यालय प्रभारी तरुण चुघ ने गुरुवार पार्टी मुख्यालय में कहा कि पंजाब में 23 पुलिस थानों पर बम धमाके, पुलिस अधिकारियों की हत्याएं, खुलेआम नशे की बिक्री और रंगदारी वसूली बढ़ रही है। आप सरकार नशा, गिरोहबाज और माफिया पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है। वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान राज्य की समस्याओं की अनदेखी कर विदेश चले गए। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस थानों को धमाकों से बचाने के लिए उनके चारों ओर टीन और जाली की दीवारें खड़ी की जा रही हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि पंजाब पुलिस के थाने भी भय के वातावरण में काम कर रहे हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा

दो साल में गन्ने का 35 रुपए बढ़ेगा दाम

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के गन्ना किसानों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए अगले दो वर्षों के लिए गन्ने के भाव में बढ़ोतरी की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को चंडीगढ़ में घोषणा की कि वर्ष 2026-27 के सीजन में गन्ने का भाव 430 रुपए प्रति कुंतल होगा, जबकि वर्ष 2027-28 में इसे बढ़ाकर 450 रुपए प्रति कुंतल किया जाएगा। इस तरह दो वर्षों में गन्ने के भाव में कुल 35 रुपए प्रति कुंतल की बढ़ोतरी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 में गन्ने का भाव 415 रुपए प्रति कुंतल था। इसे 15 रुपए बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 430 रुपए प्रति कुंतल किया जाएगा। इसके बाद वर्ष 2027-28 में किसानों को 450 रुपए प्रति कुंतल के भाव से गन्ने का भुगतान होगा।

उन्होंने कहा कि आमतौर पर गन्ने की पैदावार 700 से 800 कुंतल प्रति हेक्टेयर होती है। इस आधार पर गन्ने के भाव में बढ़ोतरी से किसानों की आय प्रति सीजन, प्रति एकड़ 10 हजार रुपए से 11 हजार 300 रुपए तक बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों कई किसान संगठनों से मुलाकात के दौरान किसानों ने डीजल, मजदूरी और खाद की कीमतें बढ़ने से खेती की लागत बढ़ने की चिंता व्यक्त की थी। गन्ने का भाव 450 रुपए प्रति कुंतल करने से किसानों को बढ़ी हुई लागत की भरपाई में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष का भाव पहले से घोषित होने पर किसानों को अपनी खेती की योजना बनाने में आसानी होगी। राष्ट्रीय स्तर पर गन्ने की कमी के बीच यह कदम किसानों को दूसरी फसलों की ओर रुख करने से रोकने में भी मदद करेगा।



इस सत्र में 430 रुपए व अगले साल 450 रुपए प्रति कुंतल होगा भाव। किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

'पंजाब में कानून-व्यवस्था बिगड़ी, जनता आप को दिखाएगी बाहर का रास्ता'

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और गरीब व्यक्ति को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस इन योजनाओं का भी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि वह गरीबों के हित में किए जा रहे कामों का विरोध क्यों कर रही है।

हरियाणा निवास चंडीगढ़ में गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों को मजबूत करने के लिए उनके खातों में छह हजार रुपए की राशि पहुंचाई जा रही है। इसके बावजूद कांग्रेस प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणियां करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'मोहब्बत की दुकान' खोलने की बात करते हैं, लेकिन देश और प्रदेश के लोगों को मालूम है कि इस दुकान में जहर बिक रहा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल दावा करते हैं कि उनके कार्यकाल में स्कूलों की ऐसी व्यवस्था की गई कि बच्चे डाक्टर और इंजीनियर बन गए। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो केजरीवाल को सूची जारी करनी चाहिए कि उनके कार्यकाल में कितने बच्चे डाक्टर और कितने इंजीनियर बने। उन्होंने कहा कि केवल बड़े-बड़े दावे करने और झूठ बोलने से काम नहीं चलता।

होशियारपुर में नाबालिग बेटी की हत्या, पिता फरार

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (ब्यूरो)।

पंजाब के होशियारपुर के एक गांव में गुरुवार को नाबालिग लड़की की उसके पिता ने कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हत्या के पीछे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

पुलिस उपाधीक्षक (ग्रामीण) नरिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस को सुबह करीब सात बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति कथित तौर पर अपनी बेटी की हत्या कर मौके से फरार हो गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता की मां के बयान के आधार पर हरियाना पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, आरोपी अक्सर कहता था कि मेरी पास अकेली बेटी है। उसे एक बेटे की चाहत थी। इसी बात से वह नाराज रहता था। वारदात के बाद मां का का रो-रोकर बुरा हाल है।

मां-बेटे के सामने कारोबारी पर जानलेवा हमला

लुधियाना में आठ हमलावरों ने कार पर चलाईं गोलियां, रंजिश की आशंका

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (ब्यूरो)।

पंजाब के लुधियाना में बुधवार देर रात एक संपत्ति कारोबारी पर हमले और गोलीबारी का मामला सामने आया है। ढोलेवाल इलाके के नजदीक एक रेस्तरां में खाना खाने के बाद अपनी मां और साढ़े तीन साल के बेटे के साथ घर लौट रहे जगजीत सिंह पर कथित तौर पर करीब आठ लोगों ने हमला कर दिया।

हमलावरों ने उनकी कार पर पांच से छह गोलियां चलाईं और शीशे तोड़ दिए। इसके बाद धारदार हथियार और पिस्तौल की बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना में जगजीत सिंह के सिर और चेहरे पर चोटें आई हैं। हालांकि, वह किसी तरह अपनी मां और बेटे को लेकर कार से निकलने में सफल रहे।

घायल जगजीत सिंह ने बताया कि वह अपनी मां और बेटे के साथ रेस्तरां में खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद उनका बेटा भुगतान करने और पानी की बोतल लेने के लिए कार से बाहर निकला था। इसी दौरान अचानक गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। जगजीत सिंह ने पीछे मुड़कर देखा तो उनका बेटा भागते हुए कार की तरफ आ रहा था। जैसे ही बच्चा कार के अंदर बैठा, हमलावर वाहन के पास पहुंच गए और खिड़की के नजदीक गोलीबारी शुरू कर दी। जगजीत सिंह के अनुसार, वह अपने बेटे को बचाने के लिए आगे आए तो हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनके सिर पर धारदार हथियार से वार किया और पिस्तौल की बट से भी प्रहार किए। जगजीत सिंह ने दावा किया कि वह हमलावरों को पहले से जानते हैं। उनके अनुसार, करीब एक साल पहले भी इन्हीं लोगों ने उनके घर पर हमला किया था और गोलीबारी की थी।

अमृतसर में दरगाह से लौट रहे दो युवकों पर चलाईं गोलियां, एक की मौत

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (ब्यूरो)।

अमृतसर के तारांवाला पुल के पास स्थित दरगाह पर मत्था टेकने आए दो युवकों पर कुछ हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस वारदात में दो युवक गंभीर घायल हो गए। बाद में एक घायल ने दम तोड़ने की सूचना है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमले का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। पुलिस ने दो नामजद और चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आकाशदीप और शरणदीप दरगाह में मत्था टेकने गए थे। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर कुछ हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं।

शुरुआती जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच करीब तीन से चार साल पहले भी लड़ाई-झगड़ा हुआ था। उस दौरान दोनों गुटों के बीच धारदार हथियारों से हमला करने की बात सामने आई थी। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, हमलावरों की संख्या पांच से छह थी। देर शाम तक युवक की मौत की पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की जा सकी।



मौसम चंडीगढ़ में गुरुवार को बारिश के बीच गुजरता वाहन चालक। -कमलेश्वर सिंह

अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा से 11 किलो से अधिक मादक पदार्थ बरामद

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (ब्यूरो)।

पंजाब के अमृतसर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग अभियानों में 11 किलो से अधिक नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। इस दौरान जवानों ने एक विदेशी पिस्तौल और तस्करी में इस्तेमाल किए जाने वाले क्षतिग्रस्त ड्रोन को भी कब्जे में लिया है। बरामदगी के बाद पुलिस ने संबंधित कानूनों के तहत अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीएसएफ ने अमृतसर जिले की कहनगढ़ सीमा चौकी के क्षेत्र में अभियान चलाकर पांच किलो से अधिक हेरोइन बरामद की। वहीं, अटारी स्थित एकीकृत जांच चौकी के नजदीक से बीएसएफ के जवानों ने 5.5 किलो नशीला पाउडर, एक विदेशी पिस्तौल और क्षतिग्रस्त ड्रोन बरामद किया। बरामद पिस्तौल की पहचान तुर्किये की कंपनी टिसास की ओर से निर्मित जिगाना पिस्तौल के रूप में हुई है। इसके अलावा मौके से डीजेआइ मैट्रिस 400 माडल का एक क्षतिग्रस्त चार पंखों वाला ड्रोन भी बरामद किया गया।

Invigorated Business Consulting Limited
Regd. Office : Plot No. 19, Industrial Area, Phase 2, Chandigarh - 160002 (CIN: L70200CH1987PLC033652)
Website: www.ibcl.ltd; E-mail:ibcl@ibcl.ltd; Phone: 0129-2250222, 2564222

Extract of Statement of Standalone Unaudited Financial Results For the Quarter and Half Year ended 30 September 2026

Rs. In Lakhs

S. No	Particulars	Quarter ended 30.09.2026 (Unaudited)	Year ended 31.03.2026 (Audited)	Quarter ended 30.09.2025 (Unaudited)
1	Total income from Operations	4.90	20.49	4.47
2	Net Profit/(loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	(6.72)	(22.91)	(8.36)
3	Net Profit/(loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(6.72)	(22.91)	(8.36)
4	Net Profit/(loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(6.72)	(22.91)	(8.36)
5	Total comprehensive income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	(6.72)	(22.91)	(8.36)
6	Paid-up Equity Share Captial (Face value of Rs.10/- each)	4,017.25	4,017.25	4,017.25
7	Other Equity (excluding revaluation reserve) as shown in the audited balance sheet of previous year		(21,972.48)	
8	Earnings per share (of Rs.10/- each) for the period (not annualised): Basic & Diluted (Rs)	(0.02)	(0.06)	(0.02)

Notes:
1. The turnover/ income is NIL post to change of name and business activites.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly & Year to date Financial Results are available on the Stock Exchange website www.bseindia.com and on the Company's website www.ibcl@ibcl.ltd and can also be accessed by scanning the below Quick Response Code:

Place: Faridabad
Date: October 29, 2026

By Order of the Board
For Invigorated Business Consulting Limited
Sd/-
Parveen Kaushik
Whole-time Director
DIN: 11205276

तैयारी

कुरुक्षेत्र में होने वाले समारोह में इसरो-नौसेना-वायुसेना की प्रदर्शनी होगी शामिल

गीता महोत्सव में दिखेगी सैन्य और वैज्ञानिक शक्ति

चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (जनसत्ता)।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश की सैन्य और वैज्ञानिक शक्ति पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहेगी। महोत्सव में पहली बार इसरो, नौसेना और वायु सेना द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कुरुक्षेत्र स्थित ब्रह्मसरोवर पर पांच से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले गीता महोत्सव में पश्चिम बंगाल और दिल्ली साझेदार राज्य होंगे। वहीं, कुरुक्षेत्र के चौक-चौराहे धार्मिकता की भव्यता से नजर आएंगे। कुरुक्षेत्र के 11 चौराहों का होगा नवीनीकरण और ज्योतिसर में प्रवेश द्वार व गीता स्तंभ बनाया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को भव्य बनाने की रूपरेखा हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित हुई कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रबंधक मंडल की 83वीं बैठक में तैयार की गई। उन्होंने कहा कि महोत्सव को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने तथा श्रद्धालुओं और पर्यटकों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'डिजिटल हेरिटेज एप' तथा 'कुरुक्षेत्र सारथी मोबाइल एप' की भी शुरुआत की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह का आयोजन पांच से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। इस दौरान अनेक धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लोगों को जागरूक करने के लिए दो दिसंबर को यात्रा शुरू की जाएगी, जो 48 कोस के क्षेत्र में स्थित 182 तीर्थ स्थलों पर जाएगी। इसके अलावा चार दिसंबर को पिपली से शोभायात्रा निकाली जाएगी। भागवत कथा, गीता सम्मेलनों के अलावा हरियाणा के गठन के 60 साल पूरे होने पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

केडीबी के सदस्य सचिव अमित अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को भव्य और यादगार बनाने के लिए तैयार की गई योजनाओं का विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों, व्यवस्थाओं और तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को आकर्षक बनाने और अधिक से अधिक लोगों को गीता के संदेश से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।



कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक में चर्चा करते मुख्यमंत्री और अधिकारी।

Ind-Swift Laboratories Ltd.
Regd. Off.: SCO 850, Shivalik Enclave, NAC Manimajra, Chandigarh - 160101 | Ph: +0172-2730503, 2730920
Website: www.indswiftgroup.com | CIN L24232CH1995PLC015553

STATEMENT OF UN-AUDITED STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF-YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2026.

The Un-Audited Standalone & Consolidated Financial Results of the company for the quarter and half year ended 30th September, 2026 ('Financial Results') have been reviewed and recommended by the Audit Committee and were approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on October 29, 2026. The Un-Audited Financial Results along with the Limited Review Report, have been posted on the Company's website at www.indswiftgroup.com and can be accessed by scanning the QR Code below:

Date: 29.10.2026
Place: Chandigarh

For Ind Swift Laboratories Limited
Sd/-
N.R. Munjal
Chairman